an>

Title : Regarding deteriorating law and order situation in Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : माननीय सभापति, गौतम बुद्ध का बिहार, शांति का बिहार रहा है। इस गौतम बुद्ध के मंदिर में पिछले दिनों विस्फोट हुआ। यहां की सरकार भेदभाव अपनाकर जंगलराज की पुनरावृत्ति कर रही है। 15 साल तक हम बिहार को बचाने के लिए सड़कों पर उतरे। आज हमें दुख हो रहा है। मैं आपके सामने घटनाएं रखना चाहता हूं। अगर आप सुनेंगे तो आपको भी लगेगा कि बिहार कलंकित हो चुका है। बिहार के सासाराम में दिनांक 09.07.2014 को पुलिस गोली कांड में दो निर्दोष लोगों की हत्या हुई और दर्जनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायल हो जाने की घटना से जिले में कर्फ्यू जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। बिहार सरकार एवं पुलिस प्रशासन घटना को नियंत्रण करने में पूरी तरह असफल रही है। सरकार एवं प्रशासन की निगाह में जनता की जान की कीमत नहीं रही। उक्त घटना की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच भी बैठाना उनके लिए मुनासिब नहीं है।

बिहार में राजद, कांग्रेस समर्थित जद(यू) की सरकार में विधि-व्यवस्था चरमरा गई है। आए दिन राज्य में हत्या, अपहरण, फिरौती, बलात्कार, महिला उत्पीड़न, रंगदारी, डकैती एवं लूटपाट की घटनाएं आम बात हो गई हैं। यहां तक कि बिहार सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री के अपने नाती का विगत नौ दिनों तक अपहरण कर रखा गया तथा फिरौती की बड़ी रकम लेकर उसे छोड़ा गया, जो शर्मनाक है। लोगों में राजद के 15 सालों के जंगल राज की वापसी का भय व्याप्त हो गया है। सीवन में जेल के अंदर से हत्या की राजनीति हो रही है।

विगत कुछ दिनों पूर्व एक लोमहर्षक घटना बिहार में बांका जिला के सलमपुर गांव में एक 16-17 वर्षीय इंटर की छात्रा के घर के कमरे में उसी गांव के एक मनचले अपराधी ने घुसकर उसके साथ बलात्कार किया और उसके बाद लड़की के शरीर पर केरोसिन तेल छींट कर जिंदा आग लगाकर जलाने का प्रयास किया। परिवार के सदस्यों ने

माननीय सभापति : अश्विनी जी, अब आप समाप्त करें, अभी कई माननीय सदस्यों को बोलना है।

श्री अश्विनी कुमार चौबे : महोदय, मैं एक मिनट में खत्म कर रहा हूं। परिवार के सदस्यों ने लड़की की चीत्कार एवं चिल्लाहट पर उक्त अपराधी को भागते हुए पकड़ने का प्रयास किया, किन्तु वह भाग निकला। लड़की आज भी बोकारो के अस्पताल में जीवन और मौत के साथ संघर्षरत है। वह 80 प्रतिशत से ज्यादा जल चुकी है। यह हृदयविदारक और घृणित कार्य पुनः दामिनी जैसी घटना की पुनरावृत्ति है।

माननीय सभापति : जीरो ऑवर में यह विषय रखने की बात थी और वैसे भी यह मैटर यहां आना नहीं चाहिए था।

श्री अश्विनी कुमार चौबे : यह अति संवेदनशील मुद्दा है। उस लड़की की प्राण रक्षा हो, इसके लिए हम सबों को ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए। बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन ने उसकी चिकित्सा व्यवस्था नहीं कराई है। वह निर्धन परिवार से आती है, अतएव उसकी मुफ्त चिकित्सा व्यवस्था होनी चाहिए। इस घटना से बिहार के लोग अपने आपको शर्मसार महसूस कर रहे हैं।

माननीय सभापति : आपको चेयर के साथ सहयोग करना चाहिए।

श्री अश्विनी कुमार चौबे : इतना ही नहीं हद तो तब हो गई जब सत्ताधारी से जुड़े कुछ लोग उक्त अपराधी को बचाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं, जो कानून का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन है। ऐसे अपराधियों को कठोर सजा दी जानी चाहिए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति का कोई दुस्साहस न कर सके।

माननीय सभापति : मजबूर होकर मुझे कहना पड़ेगा कि अब बहुत हो गया है।

श्री अश्विनी कुमार चौबे : अत: केन्द्र सरकार अविलम्ब हस्तक्षेप कर बिहार में गिरती विधि व्यवस्था को पुनर्स्थापित करने तथा वहां की जनता को भयमुक्त बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाने का आग्रह करता हूं।

माननीय सभापति : चौबे जी, आपकी बात पूरी हो गई, अब आप लम्बा भाषण मत दीजिए।

श्री अश्विनी कुमार चौबे : आज बिहार जल रहा है, बिहार को बचाइये, अगर बिहार बचेगा तो देश बचेगा, अगर बर्बाद होगा तो देश भी नहीं बचेगा, मैं यही आग्रह करता हूं।